Award of PhD Degree

प्रभात खबर

रांची, शुक्रवार 16.12.2016 | 21

इक्फाई विवि में पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी

रांची. इक्फाई विवि में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधन में पीएचडी की डिग्री से एन कृष्ण कुमार और ए एस बाबू को सम्मानित किया गया. एन कृष्ण कुमार के शोध का विषय इक्विटी लिंक्ड म्यूचुअल फंड है, वहीं एएस बाबू के शोध का विषय कोयला खनन उद्योग में सीएसआर है. कुलपति ओआरएस राव ने कहा कि प्रबंधन में पीएचडी कार्यक्रम की शुरुआत विवि ने 2012 से की है. इस कार्यक्रम में देशभर के स्कॉलर ने नामांकन लिया है. उन्होंने कहा कि राज्य खनन क्षेत्र से परिपूर्ण है. इसको ध्यान में रखते हुए जल्द ही राज्य में खनन प्रबंधन केंद्र की स्थापना की जायेगी. मुख्य अतिथि डीजीएमएस के उपमहानिदेशक डॉ एसके सिन्हा ने विश्वविद्यालय की खनन क्षेत्र में प्रबंधन की जरूरत और इसके लिए उठाये गये कदम की प्रशंसा की.